CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार


# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 34 ▫ रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98



## राजिम कुलेश्वर महादेव में भक्तों की भारी भीड़

### राजिम कुंभ कल्प मेले का भव्य समापन आज, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल



**राजिम, 26 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित राजिम कुंभ कल्प मेले का आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य समापन हो रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन प्रारंभ हुआ था और आज अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजिम कुंभ कल्प मेला 2025 के समापन समारोह में शामिल होंगे. निर्धारति कार्यक्रम के मुताबिक, वे शाम 6 बजे मुख्यमंत्री निवास से रवाना होकर विश्राम गृह, राजिम पहुंचेंगे. जिसके बाद शाम 7 बजे राजिम कुंभ कल्प 2025 के समापन समारोह में शामिल होंगे. कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात 9 बजे वे रायपुर के लिए लौट जाएंगे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री विजय शर्मा, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस भव्य आयोजन में देशभर से महामंडलेश्वर, साधु-संत और धर्मगुरु भी शामिल होकर इसकी गरिमा को और भी बढ़ाएंगे। राजिम कुंभ कल्प मेला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण देश के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक है। इसके समापन समारोह में प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं, जो इस महापर्व की दिव्यता और भव्यता का साक्षात्कार कर रहे हैं। राजिम कुंभ कल्प मेला वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक संगम स्थल रहा है, जहां स्नान, पूजन और प्रवचनों के माध्यम से भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मेले के दौरान धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन, सत्संग और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति हुई। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस भव्य मेले के समापन के साथ ही श्रद्धालु शिव आराधना, गंगा स्नान और पूजा-पाठ कर अपने जीवन को धन्य महसूस कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और रात्रि जागरण कर उनकी आराधना की। राजिम कुंभ कल्प मेला न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक भी है। यह आयोजन श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक अनुभूति कराता है बल्कि सामाजिक सौहार्द्र और एकता का संदेश भी देता है।

## 65 करोड़ श्रद्धालुओं का संगम, 6 शाही स्नान और साधु-संतों की अद्भुत आस्था



**नई दिल्ली, 26 फरवरी (न्यूज चैनल)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में 65 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। 45 दिन चले इस महाकुंभ में छह शाही स्नान हुए। इस बार एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की गईं। महाकुंभ ने न केवल धार्मिक बल्कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 का आज (26 फरवरी) महाशिवरात्रि के दिन अंतिम शाही स्नान हुआ। यह महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिनों तक चला और इस दौरान 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस विशाल धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया।

महाकुंभ में महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व पर स्नानार्थियों की जबरदस्त भीड़ है। महाकुंभ के आखिरी दिन तीर्थनगरी में पवित्र स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पुण्यकाल और मुहूर्त का इंतजार किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही आस्था की डुबकी लग रहे हैं। संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन प्रवाह नजर आ रहा है। सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं। त्रिवेणी बांध से लेकर कई मार्ग और संगम से जुड़े अन्य मार्गों पर भीड़ का तांता लगा है। संगम पर आस्था-भक्ति और विश्वास की अमृतमयी बूंदें एक बार फिर एकाकार हो गई हैं।

## रायपुर-कोरबा पैसेंजर ट्रेन मार्च में 2 दिन रद्द

**कोरबा, 26 फरवरी (हाईवे चैनल)।** रायपुर रेल मण्डल के बैकुंठ-सिलयारी स्टेशन के बीच पावर ब्लॉक लेकर गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाएगा। इसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने-गुजरने वाली हमारी सवारी गाड़ियों को रद्द किया गया है। रेलवे द्वारा 26 फरवरी व 19 मार्च को बिलासपुर से चलने वाली 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर व गेवरारोड से चलने वाली 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर को रद्द किया गया है। इसी तरह 1 मार्च व 22 मार्च को रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर को रद्द किया गया है। इसी तरह 6 अन्य पैसेंजर व मेमू गाड़ियों को भी रद्द किया गया है जो अन्य रूट की हैं। इस खबर पर लगातार अपडेट जारी है।



## महाकुंभ से लौटने के क्रम में सांसद महुआ माजी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल, बेटा-बहू को भी लगी चोटें

**नई दिल्ली, 26 फरवरी (न्यूज चैनल)।** महाकुंभ से लौटने के दौरान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी भीषण सड़क हादसे की शिकार हो गई है। दरअसल, लातेहार के सदर थाना क्षेत्र स्थित होटवाग एनएच-75 के खुशबू ढाबा के पास खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। सांसद महुआ माजी, उनका बेटा, उनकी बहू और ड्राइवर घायल हो गए हैं। सांसद की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि महुआ माजी का बेटा सोमवित माजी गाड़ी ड्राइव कर रहा था, इसी दौरान उसे झपकी आ गयी जिसके कारण ये हादसा हुआ। हालांकि सांसद महुआ माजी की स्थिति बेटे सोमवित के अनुसार खतरे से बाहर है। राज्यसभा सांसद के पुत्र सोमबीत मांझी ने बताया कि हम सभी महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। इसी दौरान होटवाग के समीप नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जा टकरा गई जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मामले में चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार भगत ने बताया कि राज्यसभा सांसद को बाएं हाथ की कलाई में चोट लगने के कारण फ्रैक्चर हो गया है।



## वीडियो कॉल पर पति से बात करते हुए महिला ने मोबाइल को संगम में डुबोया



**नई दिल्ली, 26 फरवरी (न्यूज चैनल)।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान एक महिला ने संगम में स्नान करने का एक नया तरीका अपनाया, जिसे देख लोग हैरान रह गए। दरअसल, यह महिला अपने पति से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी, जब उसने अपने पति को संगम के पवित्र पानी का अनुभव दिलवाने के लिए अपने फोन को पानी में डुबो दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, महिला संगम में बिना अपने पति के पहुंची थी, लेकिन उन्होंने अपने पति को भी इस धार्मिक कार्य का हिस्सा बनाने के लिए यह अनोखा कदम उठाया। वीडियो कॉल के दौरान महिला ने फोन की स्क्रीन अपने पति को दिखाई, जो बिस्तर पर लेटे हुए थे और यह सब देख रहे थे।




CMYK